# पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

8 वीं तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 e-mail : tshq@nic.in

पत्र संख्या-टीएससी-स-03/2026/4853 दिनांक-जुलाई 30, 2026

## आदेश

कमिश्नरेट कानपुर में **नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए श्री दुर्गेंद्र कुमार, पी0एनओ0- 142380099** को **कमिश्नरेट कानपुर से 37वीं वाहिनी पी0ए0सी0 कानपुर** में प्रचलित 104 आरक्षी ना0पु0 के आधारभूत प्रशिक्षण में **कम्प्यूटर सम्बन्धी विषयों के अध्यापन** हेतु **प्रशिक्षण कालावधि** तक के लिए **37वीं वाहिनी पी0ए0सी0 कानपुर में अस्थाई रूप से विशेष ड्यूटी** लगाई जाती है। उल्लिखित **प्रशिक्षण कालावधि के उपरांत** यह **विशेष ड्यूटी स्वतः समाप्त** समझी जाएगी एवं तद्नुसार उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा **अपने मूल नियुक्ति कमिश्नरेट में नियमानुसार आगमन** कराया जाएगा। **विशेष ड्यूटी अवधि में कोई दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।**

30/7/26

**पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,**
उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,
उ0प्र0 लखनऊ।

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित–**

1. पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट कानपुर।
2. पुलिस उप महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-प्रनि-प-92/2024(पार्ट-3)/1526 दिनांक- 25.06.2026 के क्रम में।

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, कमिश्नरेट कानपुर को इस आशय से कि उपर्युक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर को 37वीं वाहिनी पीएसी, कानपुर हेतु प्रस्थान कराते हुए इस मुख्यालय सहित सर्वसम्बन्धित को अवगत कराने का कष्ट करें।
2. सेनानायक, 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर को इस आशय से प्रेषित है कि उल्लिखित प्रशिक्षण कालावधि के उपरांत सम्बन्धित कम्प्यूटर ऑपरेटर को अविलम्ब कमिश्नरेट कानपुर हेतु नियमानुसार प्रस्थान कराते हुए इस मुख्यालय सहित सर्वसम्बन्धित को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. प्रधान लिपिक/आंकिक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।
4. प्रभारी वेबसाइट, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।
5. चरित्र पंजिका लिपिक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।
6. हिन्दी आदेश पुस्तिका में अंकन हेतु।

---------